Kelly

# सूचना देने वालों की सुरक्षा नीति

## उद्देश्य और प्रतिबद्धता

Kelly Services, Inc. और इसकी सहायक कंपनियाँ ("Kelly" या "कंपनी") दुनिया भर में जहाँ भी यह स्टाफिंग, आउटसोर्सिंग और वर्कफ़ोर्स कंसल्टिंग सेवाएँ देती है, वहाँ ईमानदारी, ज़िम्मेदारी और कानून का पालन करने के सिद्धांतों को निभाने की प्रतिबद्धता बनाए रखती है। एक कंपनी के रूप में, जो उन उद्योगों में टैलेंट को सही नियोक्ताओं से जोड़ती है जहाँ सख़्त नियम लागू होते हैं, जिसमें जीव विज्ञान, शिक्षा, टेक्नोलॉजी और प्रोफ़ेशनल सेवाएँ शामिल हैं—Kelly की संचालन गतिविधियाँ नियमित रूप से जटिल कानूनी और नैतिक परिस्थितियों से गुजरती है। इन गतिविधियों में सिर्फ़ प्रत्यक्ष रोज़गार संबंध ही नहीं आते, बल्कि इसमें स्वतंत्र ठेकेदारों, उप-ठेकेदारों, प्रबंधित सेवा प्रोवाइडर्स और अलग-अलग देशों के थर्ड-पार्टी पार्टनर्स भी शामिल होते हैं।

## नीति

आपस में जुड़े हुए इन व्यावसायिक कामकाज में वैध और नैतिक आचरण की अपनी प्रतिबद्धता को मज़बूत बनाने के लिए, कंपनी ने यह वैश्विक व्हिसलब्लोअर नीति नीति ("नीति") अपनाई है यह सुनिश्चित करने के लिए ,कि कोई भी व्यक्ति—चाहे वह कर्मचारी हो, स्वतंत्र ठेकेदार हो, पूर्व कर्मचारी हो, आपूर्तिकर्ता हों,या कंपनी की सेवाओं से जुड़ी कोई भी थर्ड-पार्टी —किसी भी संभावित गलत आचरण के बारे में अपनी चिंता सुरक्षित और भरोसेमंद तरीके से रिपोर्ट कर सके। यह नीतिगोपनीय खुलासे के लिए एक व्यवस्था स्थापित करती है, अच्छे इरादे से चिंता जताने वालों के लिए सुरक्षा का उपाय समझाती है और बताती है कि अंतरराष्ट्रीय, क्षेत्रीय और घरेलू कानूनों के तहत Kelly की क्या जिम्मेदारियाँ हैं। यह नीति यह भी साफ़ करती है कि प्रतिशोध से सुरक्षा, भरोसेमंद रिपोर्टिंग के साधनों तक पहुँच, और जांच की प्रक्रिया में निष्पक्षता केवल प्रशासनिक उद्देश्य नहीं हैं, बल्कि एक ज़िम्मेदार, पारदर्शी और नैतिक मूल्यों पर टिके वैश्विक संगठन की असली की नींव हैं।

इस नीति का असली उद्देश्य है Kelly दुनिया भर में जहाँ भी काम करती है, वहाँ के अलग-अलग कानूनों को मिलाना, और यह सुनिश्चित करना कि कोईचाहे कहीं भी हो या किसी भी भूमिका में हो—लोगों के पास अपनी चिंताएं व्यक्त का एक भरोसेमंद और एक जैसा तरीका हो। अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के सदस्य देशों जैसे क्षेत्रों में व्हिसलब्लोअर सुरक्षा के लिए अपने-अपने नियम और ज़िम्मेदारियाँ तय हैं, लेकिन Kelly उन्हें किसी रुकावट की तरह नहीं बल्कि ऐसी बुनियादी अपेक्षाओं की तरह मानती है जिन्हें पूरी तरह अपनाना ज़रूरी है। इसी वजह से, यहनीति सरबेन्स-ऑक्सले ऐक्ट 2002 की धारा 806, डोड-फ्रैंक वॉल स्ट्रीट सुधार और उपभोक्ता संरक्षण ऐक्ट 2010 की धारा 922, यूनाइटेड किंगडम का सार्वजनिक हित प्रकटीकरण अधिनियम 1998, डायरेक्टिव (EU) 2019/1937 जो यूरोपीय संघ के कानून के उल्लंघन की रिपोर्ट करने वालों की सुरक्षा से जुड़ा है ("EU व्हिसलब्लोअर डायरेक्टिव"), और रेग्युलेशन (EU) 2016/679 जो व्यक्तिगत डेटा की प्रोसेसिंग से संबंधित व्यक्तियों की सुरक्षा और ऐसे डेटा के मुक्त आदान-प्रदान पर है ("GDPR") के कुछ अहम नियमों को शामिल करती है। जहाँ किसी देश का कानून इस नीति में बताए गए सुरक्षा प्रावधानों से ज़्यादा सुरक्षा देता है, वहाँ Kelly उसी ऊँचे मानक को अपनाएगी यह सुनिश्चित करने के लिए कि व्हिसलब्लोअर को उनके क्षेत्रीय स्थान के कारण कभी नुकसान न उठाना पड़े।

यह नीति दुनिया भर में मौजूद Kelly की सभी संस्थाओं पर लागू होती है और उन सभी लोगों तक फैली है जिनका कंपनी से अहम संबंध है—जिसमें अस्थायी एजेंसी कर्मचारी, प्रतिनियुक्त कर्मचारी, प्रशिक्षु और सलाहकार शामिल हैं। कंपनी यह पुष्टि करती है कि **जो भी व्यक्ति अच्छे इरादे से कोई मुद्दा रिपोर्ट करता है, चाहे बाद में वह सही साबित हो या न हो—उसे प्रतिशोध या किसी भी तरह के नुकसानदेह व्यवहार से पूरी तरह बचाया जाएगा**, सिर्फ इसलिए क्योंकि उसने अपनी चिंता सामने रखी। साथ ही, कंपनी यह भी मानती है कि किसी भी व्हिसलब्लोअर प्रणाली की सफलता सिर्फ़ औपचारिक प्रक्रियाओं पर नहीं, बल्कि उस संस्कृति पर भी निर्भर करती है हो जिसमें ये प्रक्रियाएँ काम कर सकें। Kelly यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि कर्मचारी और थर्ड-पार्टी, दोनों

को भरोसा हो कि उनकी चिंताओं को सुना जाएगा, गंभीरता से लिया जाएगा और बिना किसी पक्षपात, डर या प्रतिशोध के निष्पक्ष तरीके से हल किया जाएगा। इन्हीं जाँच-पड़ताल और संतुलित व्यवस्थाओं की वजह से हमें ऊपर बताई गई अपनी प्रक्रिया प्रोसेस पर भरोसा है।

## रिपोर्ट करने योग्य मुद्दों का दायरा

यह नीति ऐसे व्यवहार की रिपोर्टिंग पर लागू होती है, जिसे कोई भी समझदार व्यक्ति कानून, रेग्युलेशन या कंपनी की आंतरिक नीति का उल्लंघन माने या जो कंपनी की ईमानदारी, निष्पक्षता और ज़िम्मेदारी जैसे मूल्यों को नुकसान पहुंचाता हो। गलत आचरण संगठन के किसी भी स्तर पर हो सकता है और इसमें कर्मचारी, प्रबंधक, अधिकारी या कंपनी की तरफ से काम करने वाले थर्ड-पार्टी के लोग शामिल हो सकते हैं। हालाँकि यह पूरी सूची नहीं है, लेकिन जिन मामलों की रिपोर्ट की जा सकती है उन उदाहरणों में **धोखाधड़ी, रिश्वत, भ्रष्टाचार, चोरी, बिना बताए हितों का टकराव, उत्पीड़न या भेदभाव, कार्यस्थल सुरक्षा के नियमों का उल्लंघन, गोपनीय जानकारी का बिना अनुमति खुलासा, पर्यावरण को नुकसान, मानव अधिकारों का हनन, अनुचित प्रतिस्पर्धा की प्रथाएँ,** और **व्यापार, श्रम** या **व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा से संबंधित कानून का उल्लंघन शामिल है।** कंपनी आंतरिक नियंत्रणों या अनुपालन प्रणालियों में कोई संगठनात्मक विफलताओं की रिपोर्ट करना भी प्रोत्साहित करती है, भले ही किसी व्यक्ति के गलत काम करने का शक न हो। हर मामले में, मुख्य सवाल यह होता है कि अगर यह व्यवहार सही साबित हो जाए, तो क्या यह Kelly की कानूनी जिम्मेदारियों, नैतिक मानकों या परिचालन ईमानदारी को नुकसान पहुंचाएगा? मुद्दे पुराने, अभी चल रहे या आगे भविष्य में होने की संभावना वाले हो सकते हैं। संभावित जोखिमों की जल्दी रिपोर्टिंग को प्रोत्साहित किया जाता है ताकि नुकसान होने से रोकने और समय पर हस्तक्षेप सुनिश्चित करने में मदद मिल सके।

हालांकि यह नीति वैश्विक स्तर पर लागू होती है, इसमें यूरोपीय संघ के व्हिसलब्लोअर डायरेक्टिव में पहचाने गए गलत आचरण के प्रकारों को भी स्पष्ट रूप से शामिल किया गया है जो उन व्यक्तियों को सुरक्षा प्रदान करता है जो संघ कानून के उल्लंघन की रिपोर्ट करते हैं, चाहे वह सार्वजनिक खरीद, वित्तीय सेवाएँ, धन शोधन रोकथाम, पर्यावरण संरक्षण, उपभोक्ता सुरक्षा या डेटा गोपनीयता जैसे क्षेत्रों से जुड़ा हो पर इन्हीं क्षेत्रों तक सीमित न हो। इस नीति के तहत की गई रिपोर्टें ऐसे कामों या चूकों से जुड़ी हो सकती हैं जो या तो किसी एक ही देश में हुई हों या फिर अलग-अलग देशों के संचालनों से संबंधित हों। Kelly की अंतरराष्ट्रीय संरचना को देखते हुए, यह समझा जाता है कि किसी एक देश में हुई गड़बड़ी में रिपोर्ट करने वाले लोग, शामिल व्यक्ति और कई अलग-अलग कानूनी प्रणालियों में स्थित जांच करने वाली संस्थाएँ जुड़ी हो सकती हैं। यह नीति यह सुनिश्चित करती है कि ऐसी रिपोर्ट्स को सिर्फ इसलिए खारिज न किया जाए क्योंकि उसमें कई देशों के नियम शामिल हैं।

महत्त्वपूर्ण बात यह है कि Kelly व्हिसलब्लोअर से यह उम्मीद नहीं करती कि रिपोर्ट करते समय उनके पास पक्के सबूत होने चाहिए। जरूरी केवल इतना है कि रिपोर्ट **अच्छे इरादे** से की जाए। यानी रिपोर्ट करने वाले को वास्तव में विश्वास हो कि उठाई गई चिंता सही जानकारी या गलत आचरण के उचित संदेह पर आधारित है। अगर कोई रिपोर्ट बाद में गलत साबित भी हो जाए, तो भी कंपनी उन व्यक्तियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करेगी, बशर्ते उन्होंने ईमानदारी से और बिना बुरी नीयत के रिपोर्ट की हो। लेकिन जो लोग जानबूझकर गलत या भटकाने वाले आरोप लगाते हैं, तो उन पर आंतरिक नीति के तहत कार्रवाई हो सकती है और कुछ न्यायालयों में, उन्हें सिविल या आपराधिक सज़ा का भी सामना करना पड़ सकता है। यह नियम सुनिश्चित करता है कि व्हिसलब्लोअर प्रणाली का दुरुपयोग न हो, और जो लोग अच्छे इरादे से इसमें हिस्सा लेते हैं, उनके प्रति ईमानदारी और भरोसे का भाव बना रहे।

## प्रतिशोध से सुरक्षा

Kelly स्पष्ट रूप से उन व्यक्तियों के खिलाफ किसी भी प्रकार के प्रतिशोध पर रोक लगाती हैजो इस नीति के तहत चिंता जताते हैं, जांच में मदद करते है या और किसी भी तरह की सुरक्षित व्हिसलब्लोइंग गतिविधि (जैसे रिपोर्ट करना, सवाल उठाना, जानकारी देना आदि) में शामिल होते हैं। प्रतिशोध को बहुत व्यापक रूप से परिभाषित किया गया है और इसमें नौकरी से निकालना, निलंबन, पदावनति, विभाग बदलना, किसी प्रतिकूल पद पर भेजना, वेतन या लाभ में कटौती, डराना-धमकाना, सामाजिक या पेशेवर रूप से अलग-थलग करना, धमकियाँ देना, या कोई अन्य व्यवहार शामिल हैं जो किसी उचित व्यक्ति को चिंता व्यक्त करने से रोक सकता है। कंपनी प्रतिशोधी व्यवहार बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करती और ऐसे किसी भी व्यवहार के आरोप को इस नीति का अलग से उल्लंघन माना जाएगा और उस पर अलग आंतरिक जांच होगी तथा ज़रूरत पड़ने पर सुधारात्मक कार्रवाई की जाएगी।

©2025 Kelly Services, Inc.

इस दस्तावेज़ और नीति में निहित प्रतिशोध-विरोधी सुरक्षा, स्वीकार्य प्रावधानों जैसे कि 2002 के सरबेन्स-ऑक्सले अधिनियम की धारा 806 और सार्वजनिक हित प्रकटीकरण अधिनियम 1998 पर आधारित है, जो मुखबिरी के जवाब में प्रतिकूल रोज़गार कार्रवाइयों को प्रतिबंधित करते हैं। यूरोपीय संघ में, डायरेक्टिव (EU) 2019/1937 के अनुसार, सदस्य देशों को प्रतिशोधात्मक आचरण को दंडित करने और प्रभावित व्यक्तियों की पूर्ण बहाली और वित्तीय क्षतिपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए मज़बूत प्रवर्तन तंत्र अपनाने होते हैं। Kelly इन दायित्वों का पूर्णतः पालन करेगी और जहाँ आवश्यक होगा, वहाँ सुधारात्मक उपाय भी करेगी, जिनमें प्रतिकूल कार्मिक कार्रवाइयों को वापस लेना, पुनर्नियुक्ति, खोए हुए वेतन का भुगतान, और व्हिसलब्लोअर की ईमानदारी की सार्वजनिक पुष्टि शामिल है, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं है।

जिन व्यक्तियों को लगता है कि उन्हें प्रतिशोध का सामना करना पड़ा है, उन्हें ऐसी घटनाओं की रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। प्रतिशोध की शिकायतों को प्राथमिकता दी जाएगी और प्रारंभिक मामले से अलग स्वतंत्र रूप से निपटाया जाएगा, और जाँच ऐसे कर्मियों द्वारा की जाएगी जिनका कथित प्रतिशोधात्मक व्यवहार में कोई योगदान नहीं है। यदि ऐसे कदम आगे के नुकसान को रोकने के लिए तार्किक रूप से जरूरी हैं तो, कंपनी प्रतिशोध की जाँच की अवधि के दौरान अस्थायी सुरक्षा प्रदान करने का प्रयास करेगी, जिसमें रिपोर्टिंग लाइनों, काम के स्थानों या काम की जिम्मेदारियों में अल्पकालिक परिवर्तन शामिल हैं। जहाँ लागू हो, ये सुरक्षाएँ न केवल वर्तमान कर्मचारियों पर लागू होती हैं, बल्कि पूर्व कर्मचारियों, नौकरीआवेदकों और ऐसे अन्य व्यक्तियों पर भी लागू होती हैं, जिनका कंपनी के साथ संबंध समाप्त हो चुका है या अभी शुरू नहीं हुआ है। Kelly मानती है कि प्रतिशोध औपचारिक अनुबंध से पहले, उसके दौरान या बाद में हो सकता है, और यह सुनिश्चित करेगी कि सभी कवर किए गए व्यक्तियों को सद्भावना से रिपोर्ट बनाने या उसका समर्थन करने के परिणामस्वरूप प्रतिकूल व्यवहार से बचाया जाए।

## गोपनीयता और डेटा सुरक्षा

Kelly स्वीकार करती है कि किसी भी व्हिसलब्लोअर ढांचे की सफलता प्रकट की गई जानकारी की गोपनीयता और सुरक्षा पर निर्भर करती है। इसलिए, कंपनी, कानून द्वारा अनुमत अधिकतम सीमा तक, रिपोर्टिंग पक्ष और किसी भी गवाह या संलिप्त व्यक्ति की पहचान सहित, सभी व्हिसलब्लोअर रिपोर्टों की गोपनीयता बनाए रखने का वचन देती है। किसी व्हिसलब्लोअर की पहचान का खुलासा केवल तभी किया जाएगा जब जाँच या कानूनी उद्देश्यों के लिए यह अत्यंत आवश्यक हो और, जहाँ तक संभव हो, केवल व्यक्ति की पूर्व सहमति से ही किया जाएगा। कानूनी बाध्यता के अभाव में, कंपनी न तो रिपोर्टिंग पक्ष की पहचान उजागर करेगी और न ही अनाम रिपोर्टरों की पहचान निर्धारित करने के लिए कोई कदम उठाएगी। इसके अलावा, कंपनी यह मानती है कि व्हिसलब्लोअर रिपोर्ट में नामित व्यक्तियों के पास डेटा संरक्षण कानूनों के तहत डेटा विषय अधिकार हैं, जैसे कि व्यक्तिगत डेटा तक पहुँचने या उसे सुधारने का अधिकार। इन अधिकारों को व्हिसलब्लोअर की पहचान की सुरक्षा, जाँच की विश्वसनीयता बनाए रखने, या लागू कानून के तहत छूट का पालन करने के लिए, जहाँ आवश्यक हो, प्रतिबंधित किया जा सकता है।

विनियमन (EU) 2016/679 ("GDPR") सहित डेटा संरक्षण कानूनों के तहत अपने दायित्वों की मान्यता में, Kelly पुष्टि करती है कि किसी व्हिसलब्लोअर रिपोर्ट के संबंध में एकत्र या संसाधित सारा डेटा व्यक्तिगत डेटा होता है और इसे वैधता, निष्पक्षता, पारदर्शिता, उद्देश्य सीमा, डेटा न्यूनतमीकरण और भंडारण सीमा के मूल सिद्धांतों के अनुसार संभाला जाएगा। व्हिसलब्लोअर तंत्र के माध्यम से एकत्र किया गया व्यक्तिगत डेटा सख्ती से उस जानकारी तक सीमित होगा जो रिपोर्ट का मूल्यांकन करने और निष्पक्ष जांच करने के लिए प्रासंगिक, आनुपातिक और आवश्यक होगी। कंपनी लागू डेटा सुरक्षा कानूनों के अनुसार, वैध हितों और कानूनी दायित्वों सहित, व्यक्तिगत डेटा के प्रसंस्करण के लिए उपयुक्त कानूनी आधारों पर निर्भर करती है। जहाँ संवेदनशील डेटा (जैसे स्वास्थ्य या जातीयता) या अपराधों से संबंधित डेटा संसाधित किया जाता है, वहाँ कंपनी लागू राष्ट्रीय या क्षेत्रीय डेटा सुरक्षा ढाँचों के अंतर्गत प्रासंगिक कानूनी आवश्यकताओं और सुरक्षा उपायों का अनुपालन सुनिश्चित करती है। कंपनी इन उद्देश्यों की पूर्ति हेतु आवश्यक अवधि से अधिक समय तक व्यक्तिगत डेटा संग्रहीत नहीं करेगी, और सारा डेटा सुरक्षित रूप से संग्रहीत किया जाएगा, जहाँ उपयुक्त हो, एन्क्रिप्ट किया जाएगा, और अनधिकृत पहुँच से सुरक्षित रखा जाएगा। जहाँ आवश्यक हो, उन व्यक्तियों को, जिनका व्यक्तिगत डेटा किसी व्हिसलब्लोअर रिपोर्ट के संबंध में संसाधित किया जाता है, जिसमें व्हिसलब्लोअर या जाँच का विषय शामिल है, कंपनी की सामान्य गोपनीयता सूचना के माध्यम से उचित गोपनीयता जानकारी प्राप्त होगी, जो www.kellyservices.com/en/policies/privacy-statement/ पर उपलब्ध है।

©2025 Kelly Services, Inc.

सीमा पार जाँच से जुड़े मामलों में—खासकर संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोपीय संघ और यूनाइटेड किंगडम में—कंपनी अतिरिक्त सुरक्षा उपाय लागू करेगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि व्यक्तिगत डेटा को मूल अधिकार क्षेत्र से बाहर अवैध रूप से स्थानांतरित न किया जाए। इन सुरक्षा उपायों में यूरोपीय आयोग द्वारा अनुमोदित मानक संविदात्मक खंडों का उपयोग, स्थानांतरण जोखिम आकलन, छद्म नामकरण तकनीकें, या, जहाँ आवश्यक हो, डेटा विषय की स्पष्ट सहमति प्राप्त करना शामिल हो सकता है। Kelly यह भी सुनिश्चित करेगी कि जाँच में सहायता के लिए नियुक्त कोई भी बाहरी तृतीय पक्ष अनुबंध के तहत इन मानकों का पालन करने के लिए बाध्य है और अपने अनुबंध के दायरे से बाहर किसी भी उद्देश्य के लिए डेटा का उपयोग नहीं करेगा। कंपनी पुनः पुष्टि करती है कि **व्हिसलब्लोअर कार्यक्रम का कोई भी पहलू लागू कानून के तहत व्यक्तियों के मौलिक डेटा अधिकारों का अतिक्रमण नहीं कर सकता है**, और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि गोपनीयता और नैतिक ज़िम्मेदारी के मूल्य अविभाज्य रहें।

## जांच प्रक्रिया

व्हिसलब्लोअर की रिपोर्ट प्राप्त होने पर, कानून, जोखिम और अनुपालन विभाग यह निर्धारित करने के लिए एक प्रारंभिक मूल्यांकन करेगा कि क्या मामले की औपचारिक जाँच आवश्यक है। इस समीक्षा में रिपोर्ट की विश्वसनीयता, पूर्णता और प्रासंगिकता के साथ-साथ आरोपों की प्रकृति, संलिप्त व्यक्तियों और उत्पन्न होने वाले किसी भी कानूनी या प्रतिष्ठा संबंधी जोखिम का मूल्यांकन शामिल होगा। यदि कोई रिपोर्ट पर्याप्त गंभीरता की चिंताएँ उठाती है, तो कंपनी संवेदनशील मामलों को निष्पक्ष रूप से संभालने के लिए आवश्यक स्वतंत्रता, विषय-वस्तु विशेषज्ञता और सामाजिक क्षमता वाले योग्य कर्मियों द्वारा तुरंत जाँच शुरू करेगी। जहाँ आवश्यक हो, प्रक्रियागत निष्पक्षता सुनिश्चित करने, हितों के टकराव से बचने और परिणाम में जनता या हितधारकों का विश्वास बढ़ाने के लिए बाहरी वकील या तृतीय-पक्ष जाँचकर्ताओं को नियुक्त किया जा सकता है।

जाँच का दायरा और अवधि प्रत्येक मामले के आधार पर निर्धारित की जाएगी। आरोपों की प्रकृति पर पर्याप्त विचार करते हुए, प्रक्रिया को सावधानीपूर्वक और निष्पक्षता से संचालित किया जाएगा। जाँचकर्ता प्रासंगिक दस्तावेज़ एकत्र करेंगे, आंतरिक अभिलेखों का विश्लेषण करेंगे, साक्षात्कार लेंगे, और संतुलित एवं तर्कसंगत निष्कर्ष पर पहुँचने के लिए आवश्यकतानुसार भौतिक या इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों का मूल्यांकन करेंगे। रिपोर्ट में नामित व्यक्तियों को आरोपों का जवाब देने का अवसर दिया जाएगा, और सभी साक्षात्कार गरिमा, गोपनीयता और निर्दोषता की धारणा के साथ किए जाएँगे। कंपनी यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि पूरी प्रक्रिया के दौरान व्हिसलब्लोअर और जाँच के विषय, दोनों के साथ निष्पक्ष और बिना किसी पूर्वाग्रह के व्यवहार किया जाए।

जाँच की समाप्ति पर, निष्कर्षों को एक रिपोर्ट में संक्षेपित किया जाएगा जिसकी समीक्षा वरिष्ठ प्रबंधन और, आवश्यकता पड़ने पर, निदेशक मंडल की लेखा परीक्षा समिति द्वारा की जाएगी। कंपनी कदाचार की प्रकृति और गंभीरता के अनुसार, परिणामों के आधार पर समय पर और उचित सुधारात्मक या अनुशासनात्मक कार्रवाई करेगी। इन कार्रवाइयों में रोज़गार या व्यावसायिक संबंधों की समाप्ति, प्रक्रिया में बदलाव, नियामक अधिसूचना या कानूनी कार्यवाही शामिल हो सकती है। ऐसे मामलों में जहाँ प्रणालीगत समस्याएँ पाई जाती हैं, कंपनी आंतरिक नीति सुधार, और कड़े नियंत्रण और उन्नत प्रशिक्षण जैसे संगठनात्मक शिक्षण उपाय लागू करेगी। जिन व्हिसलब्लोअर्स ने अपनी पहचान उजागर की है, उन्हें कानून और कंपनी की नीति द्वारा अनुमत सीमा तक समाधान के बारे में सूचित किया जाएगा।

## रिपोर्टिंग चैनल

इस नीति के तहत कदाचार की रिपोर्ट किसी प्रबंधक, पर्यवेक्षक, मानव संसाधन पेशेवर, या अनुपालन अधिकारी को प्रस्तुत की जा सकती है। इसके अतिरिक्त, Kelly एक वैश्विक, स्वतंत्र रूप से संचालित व्हिसलब्लोअर हॉटलाइन और वेब-आधारित रिपोर्टिंग पोर्टल संचालित करती है, जो व्यक्तियों को गोपनीय रूप से या गुमनाम रूप से (जहाँ स्थानीय कानून द्वारा अनुमति हो) रिपोर्ट सबमिटकरने की अनुमति देता है। ये उपकरण चौबीसों घंटे, हफ़्ते के सातों दिन, कई भाषाओं में उपलब्ध हैं और पूरे संगठन में परिचालन संबंधी भौगोलिक क्षेत्रों और जोखिम प्रोफाइल की पूरी श्रृंखला को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किए गए हैं। व्यक्ति किसी भी अंतरराष्ट्रीय स्थान से गोपनीय रिपोर्टिंग के लिए वेब-आधारित पोर्टल, एथिक्स पॉइंट, www.integrity-helpline.com/kellyservices.jsp पर जा सकते हैं या वैश्विक व्हिसलब्लोअर हॉटलाइन +1 877-978-0049 पर कॉल कर सकते हैं।

कंपनी व्यक्तियों को अपनी रिपोर्ट में यथासंभव तथ्यात्मक विवरण शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करती है ताकि गहन और कुशल जाँच संभव हो सके। रिपोर्ट में चिंता की प्रकृति का वर्णन होना चाहिए, इसमें शामिल व्यक्तियों की पहचान होनी चाहिए, प्रासंगिक तिथियों या

©2025 Kelly Services, Inc.

समयसीमाओं का उल्लेख होना चाहिए-, और यदि उपलब्ध हो तो सहायक दस्तावेज़ संलग्न होने चाहिए। हालाँकि Kelly गुमनाम रिपोर्ट स्वीकार करती है, लेकिन वह यह भी मानती है कि सत्यापन योग्य विवरण या अनुवर्ती कार्रवाई के अवसरों की कमी के कारण पूरी तरह से जाँच करने की क्षमता सीमित हो सकती है। फिर भी, कंपनी यथासंभव और वैध सीमा तक गुमनाम प्रस्तुतियों का मूल्यांकन और उन पर कार्रवाई करने के लिए सभी उचित प्रयास करेगी।

इस नीति के तहत गुमनाम रिपोर्टिंग की अनुमति है और कंपनी की निर्दिष्ट रिपोर्टिंग प्रणालियों के माध्यम से इसका पूर्ण समर्थन किया जाता है। लेकिन, Kelly यह मानती है कि गुमनाम रिपोर्टों की जाँच की वैधता और क्षमता स्थानीय कानूनों के आधार पर भिन्न हो सकती है। संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, आयरलैंड और नीदरलैंड जैसे क्षेत्राधिकारों में, गुमनाम रिपोर्टिंग व्यापक रूप से बिना किसी भौतिक प्रतिबंध के अनुमत है। इसके विपरीत, फ़्रांस, जर्मनी और पुर्तगाल सहित अन्य देश राष्ट्रीय कानून या डेटा सुरक्षा ढाँचों के तहत अतिरिक्त शर्तें लगाते हैं। उदाहरण के लिए, फ़्रांस में पहले के दिशानिर्देशों में गुमनाम रिपोर्टों को केवल गंभीर मामलों तक ही स्वीकार करने की अनुमति थी, जिनकी स्वतंत्र रूप से पुष्टि की जा सकती थी। निर्देश (EU) 2019/1937 को लागू करने वाले वर्तमान कानूनी ढाँचे के तहत, संगठनों को अब गुमनाम रिपोर्ट स्वीकार करने से प्रतिबंधित नहीं किया गया है, लेकिन उन्हें तब तक संसाधित करने की भी आवश्यकता नहीं है जब तक कि विश्वसनीय जाँच का समर्थन करने के लिए पर्याप्त विवरण प्रदान न किया जाए।

इन भिन्नताओं के प्रकाश में, Kelly गुमनाम रिपोर्टों का मूल्यांकन क्षेत्राधिकार-विशिष्ट आधार पर करती है और उन जाँच को आगे बढ़ाने का प्रयास करती है, जहां प्रस्तुत तथ्य विश्वसनीय, सत्यापन योग्य और कंपनी के अनुपालन दायित्वों के लिए महत्वपूर्ण हों। जहाँ गुमनाम रिपोर्टिंग का उपयोग किया जाता है, Kelly प्रक्रिया की प्रामाणिकता की रक्षा के लिए और यदि रिपोर्टर की पहचान बाद में ज्ञात हो जाती है, तो लागू कानून के तहत व्यक्ति की गोपनीयता और सुरक्षा के लिए उन्नत गोपनीयता सुरक्षा उपाय लागू करेगी। रिपोर्ट प्रस्तुत करने वाले व्यक्तियों, चाहे वे नामांकित हों या गुमनाम, को कंपनी के थर्ड-पार्टी रिपोर्टिंग प्लेटफ़ॉर्म में अंतर्निहित सुरक्षित अनुवर्ती तंत्रों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जो पहचान प्रकट किए बिना निरंतर संचार की अनुमति देता है।

पारदर्शिता और सुलभता के प्रति Kelly की प्रतिबद्धता के अनुरूप, रिपोर्टिंग चैनलों के बारे में जानकारी व्यावसायिक आचरण और नैतिकता संहिता, ऑनबोर्डिंग सामग्री, अनुपालन प्रशिक्षण और आंतरिक संचार के माध्यम से प्रसारित की जाती है। पोस्टर, इंट्रानेट नोटिस और कर्मचारी पुस्तिकाएँ उपलब्ध रिपोर्टिंग तंत्रों की दृश्यता को सुदृढ़ करती हैं। Kelly के नेतृत्व से ऐसी संस्कृति को सक्रिय रूप से बढ़ावा देने की अपेक्षा की जाती है जिसमें संदिग्ध कदाचार की रिपोर्टिंग को एक पेशेवर दायित्व और जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिकता के मूल तत्व के रूप में समझा जाए।

ऊपर वर्णित आंतरिक रिपोर्टिंग तंत्रों के अतिरिक्त, Kelly व्यक्तियों के सरकारी, विनियामक या निरीक्षण प्राधिकारियों, जिनमें कानून प्रवर्तन, भ्रष्टाचार विरोधी निकाय, वित्तीय विनियामक, श्रम और रोजगार प्राधिकार या डेटा संरक्षण एजेंसियां शामिल हैं, के सामने सीधे प्रकटीकरण करने के अधिकार को मान्यता देती है और उसका सम्मान करती है, जहां ऐसी रिपोर्टिंग लागू कानून द्वारा अनुमत या संरक्षित होती है। इस नीति में किसी भी चीज़ का उद्देश्य ऐसी बाहरी रिपोर्टिंग को हतोत्साहित या सीमित करना नहीं है। व्यक्ति, राष्ट्रीय कानून के अनुसार, जिसमें यूरोपीय संघ व्हिसलब्लोअर निर्देश (निर्देश 2019/1937), यूके पब्लिक इंटरेस्ट डिस्क्लोजर एक्ट 1998, दक्षिण अफ़्रीकी संरक्षित प्रकटीकरण अधिनियम, और Kelly के संचालन वाले विभिन्न क्षेत्राधिकारों में अन्य प्रासंगिक वैधानिक ढाँचे शामिल हैं, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं, सीधे उपयुक्त बाहरी प्राधिकारी को रिपोर्ट करने का विकल्प चुन सकते हैं।

## दस्तावेजीकरण और निरीक्षण

Kelly इस नीति के अंतर्गत प्राप्त सभी रिपोर्टों का विस्तृत और सुरक्षित रिकॉर्ड रखती है, चाहे रिपोर्टिंग चैनल कुछ भी हो या रिपोर्ट के परिणामस्वरूप कोई जाँच हुई हो या नहीं। इन रिकॉर्ड्स में रिपोर्ट की सामग्री और स्रोत (जहाँ ज्ञात हो), प्राप्ति की तिथि, मामले की समीक्षा या जाँच के लिए नियुक्त व्यक्ति, उठाए गए सभी जाँच कदम, परिणाम या निष्कर्ष, और लागू की गई सुधारात्मक कार्रवाइयाँ शामिल हैं। दस्तावेज़ीकरण एक सुरक्षित केस प्रबंधन प्रणाली में रखा जाता है, जिसकी पहुँच केवल अधिकृत कर्मियों तक ही सीमित है, और सत्यनिष्ठा और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए ऑडिट ट्रेल्स को संरक्षित किया जाता है।

व्हिसलब्लोअर के रिकॉर्ड का रखरखाव लागू कानूनी और नियामक आवश्यकताओं के अनुरूप होगा, जिनमें GDPR और इसी तरह के राष्ट्रीय डेटा सुरक्षा कानून शामिल हैं। सामान्य तौर पर, रिकॉर्ड केवल तब तक ही रखे जाएँगे जब तक कंपनी के वैध अनुपालन और जाँच कार्यों को पूरा करने या वैधानिक या संविदात्मक दायित्वों को पूरा करने के लिए आवश्यक हो। रखरखाव अवधि के समापन पर, डेटा सुरक्षा की सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुसार रिकॉर्ड को सुरक्षित रूप से हटा दिया जाएगा या गुमनाम कर दिया जाएगा।

व्हिसलब्लोअर कार्यक्रम की निगरानी Kelly के कानून, जोखिम और अनुपालन विभाग और निदेशक मंडल द्वारा की जाती है। ये निकाय समय-समय पर समेकित रिपोर्ट प्राप्त करते हैं, जिनमें प्राप्त रिपोर्टों की संख्या, आरोपों की श्रेणियाँ, पुष्टिकरण दर और सुधार परिणाम जैसे प्रमुख मापदंडों का सारांश होता है। यह निगरानी पारदर्शिता को बढ़ावा देती है, स्वतंत्रता को सुदृढ़ करती है, और Kelly के अनुपालन एवं नैतिकता संबंधी ढाँचे में निरंतर सुधार का आधार प्रदान करती है। इसके अलावा, कंपनी डेटा रुझानों के नियमित विश्लेषण, प्रतिक्रिया समय की समीक्षा और की गई सुधारात्मक कार्रवाइयों के मूल्यांकन के माध्यम से अपनी व्हिसलब्लोअर प्रक्रियाओं की प्रभावशीलता की निगरानी करती है। जोखिम के पैटर्न की पहचान करने, नीति कार्यान्वयन का आकलन करने और अनुपालन प्रशिक्षण को सूचित करने के लिए अनाम परिणाम मीट्रिक का उपयोग किया जा सकता है। यह प्रक्रिया सुनिश्चित करती है कि Kelly न केवल कदाचार पर प्रतिक्रिया दे, बल्कि पुनरावृत्ति को रोकने और संगठनात्मक अखंडता को मज़बूत करने के लिए अपनी नीतियों और प्रथाओं को भी अनुकूलित करे।

## ट्रेनिंग और जागरूकता

Kelly का मानना है कि उसके व्हिसलब्लोअर कार्यक्रम की प्रभावशीलता उसके कर्मचारियों और भागीदारों की जागरूकता और आत्मविश्वास से घनिष्ठ रूप से जुड़ी हुई है। तदनुसार, कंपनी अपने वैश्विक अनुपालन प्रशिक्षण कार्यक्रमों, नवनियुक्त कर्मचारियों के उन्मुखीकरण और आवधिक सुदृढ़ीकरण अभियानों में व्हिसलब्लोअर शिक्षा को एकीकृत करती है। ये प्रशिक्षण पहल क्षेत्राधिकार और कार्य-प्रणाली के अनुसार तैयार की जाती हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कर्मचारी अपने रिपोर्टिंग अधिकारों और दायित्वों, कानून और नीति के तहत प्रदत्त सुरक्षा, और सुरक्षित एवं गोपनीय तरीके से रिपोर्ट प्रस्तुत करने की प्रक्रिया को समझें।

व्हिसलब्लोइंग या अपनी बात कहने में सांस्कृतिक बाधाओं के प्रति अत्यधिक संवेदनशीलता वाले क्षेत्राधिकारों में, Kelly स्थानीयकृत संचार और समर्थन रणनीतियाँ अपनाती है, जिनमें क्षेत्र-विशिष्ट संदेश, अनुवादित सामग्री और विश्वसनीय अनुपालन संपर्कों द्वारा जुड़ाव शामिल है। वरिष्ठ नेताओं और जन-प्रबंधकों को खुलासों पर प्रतिक्रिया देने, व्हिसलब्लोअर की गोपनीयता की रक्षा करने और व्यवहार में गैर-प्रतिशोधी दायित्वों को बनाए रखने के तरीके पर अतिरिक्त प्रशिक्षण दिया जाता है।

कार्यक्रम के बारे में जागरूकता को पोस्टर, डिजिटल साइनेज और कंपनी प्लेटफॉर्म पर घोषणाओं जैसे दृश्य संचार के माध्यम से भी मज़बूत किया जाता है। Kelly नियमित रूप से सर्वेक्षणों, ऑडिट और घटना प्रवृत्ति विश्लेषण के माध्यम से अपनी जागरूकता और प्रशिक्षण पहलों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करती है, यह सुनिश्चित करते हुए कि व्हिसलब्लोअर कार्यक्रम कानूनी विकास और संगठनात्मक आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित हो।

## निष्कर्ष

यह वैश्विक व्हिसलब्लोअर नीति नैतिक आचरण, कानूनी अनुपालन और संस्थागत पारदर्शिता के प्रति Kelly की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। व्हिसलब्लोअर अक्सर उन जोखिमों की पहचान करने में पहली पंक्ति के रक्षक होते हैं जो कंपनी के मूल्यों से समझौता कर सकते हैं या कानून का उल्लंघन कर सकते हैं। एक ऐसी संस्कृति को बढ़ावा देकर जिसमें चिंताओं का स्वागत किया जाता है, ज़िम्मेदारी से निपटा जाता है और प्रतिशोध से सुरक्षा प्रदान की जाती है, Kelly न केवल अपने कानूनी दायित्वों को आगे बढ़ाती है, बल्कि एक ज़िम्मेदार और सिद्धांतबद्ध वैश्विक नियोक्ता बनने के अपने व्यापक मिशन को भी आगे बढ़ाती है। कंपनी सभी व्यक्तियों को सद्भावनापूर्वक चिंताओं की रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित करती है, और वचन देती है कि प्रत्येक रिपोर्ट को आधुनिक कॉर्पोरेट प्रशासन के उच्चतम मानकों के अनुसार गंभीरता, विवेक और प्रक्रियात्मक कठोरता के साथ लिया जाएगा।

इस नीति और Kelly द्वारा संचालित किसी विशेष क्षेत्राधिकार के लागू कानूनों या विनियमों के बीच किसी भी असंगतता या संघर्ष की स्थिति में, कंपनी स्थानीय कानून के तहत व्हिसलब्लोअर्स को दी जाने वाली सुरक्षा के उच्चतर मानक का अनुपालन करेगी। यह दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करता है कि व्यक्ति कभी भी क्षेत्राधिकार संबंधी विसंगतियों से वंचित न रहें और कंपनी की एक व्हिसलब्लोअर ढाँचे को

©2025 Kelly Services, Inc. 

बनाए रखने की प्रतिबद्धता को पुष्ट करता है, जो न केवल वैश्विक कानूनी अपेक्षाओं को पूरा करे, बल्कि उनसे भी बेहतर हो। Kelly सभी क्षेत्राधिकारों में कानूनी विकास पर निगरानी रखना जारी रखेगी ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह नीति विकसित होती वैधानिक आवश्यकताओं और सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप बनी रहे।

©2025 Kelly Services, Inc.